# अधिकारियों के झूठे आश्वासनों पर बिफरे कन्हैरावासी

## अपनी आस लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे, ग्रामीणों को जब मिलने से रोका तो अधिकारियों को सुननी पड़ी खरी-खोटी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** तारीक पर तारीक, तारीक पर तारीक और तारीक पर तारीक ही मिलती है जज साहब, लेकिन नहीं मिलता है तो वह है इंसाफ दामनी फिल्म का यह प्रसिद्ध संवाद मंगलवार को कन्हैरावासियों पर चरितार्थ होता दिखा, क्योंकि ग्रामीणों द्वारा सड़क की मांग को लेकर पंचायत से लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन इन आवेदनों पर उन्हें सिर्फ आश्ववासन मिले, लेकिन नहीं मिली तो वह सड़क, जिसकी वह काफी समय से मांग करते आ रहे है। वहीं अधिकारियों द्वारा मिले कई आश्वासनों के बाद जब सड़क नहीं डली तो ग्रामीण एक बार फिर सड़क डलवाने की मांग करने कलेक्ट्रेट पहुंचे और नये कलेक्टर से मिलने की बात कहीं, लेकिन परिसर में मौजूद अधिकारियों द्वारा उन्हें नही मिलने दिया तो वह विफर गए और मौजूद



अधिकारियों को अच्छी खासी खरी-खोटी सुना डाली। वहीं परेशान ग्रामीणों की जानकारी जब कलेक्टर आदित्य सिंह को लगी तो उन्होंने ग्रामीणों को बुलाया और उनकी समस्या सुना और आश्वासन देते हुए समस्या का निराकरण करने के निर्देश जिपं सीईओ को दिए गए।

दरअसल मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में जिले के विभिन्न गांवो से लोग अपनी समस्या लेकर कलेक्टर के दरबार में इस आस से पहुंचते है कि उनकी समस्या का हल कहीं नही हुआ, तो यहा जरूर हो जाएगा, लेकिन यहा आवेदन देने के बाद मिले आश्वासन और उसके कई दिनों बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होता है, तो परेशान लोग अपना आपा खो देते है, जैसा ही मंगलवार को कन्हैरावासियों को देखने को मिला।

### काफी मशक्कत के बाद जनसुनवाई में पहुंचते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों को अपनी पीड़ा बताने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ती और वह काफी जद्दोजहद के बाद कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे। लेकिन उन्हें यहा भी आश्वासन मिले तो फिर क्या। दरअसल गांव से लेकर कलेक्ट्रेट तक सफर करने के लिए उन्हें काफी समस्याएं झेलना पड़ती है। जहां वह जान जोखिम में डालकर घंटो तक बस, ट्रेक्टरों में लदकर मीलो का सफर तय करते है। तो वहीं कई ग्रामीण समस्या का निराकरण हो जाए इस आस में कलैवा बांधकर ही कलेक्ट्रेट पहुंचते है। वहीं कई ग्रामीण तो अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाने के लिए भूखे ही रह जाते है। ऐसे में अगर उन्हें निराशा हाथ लगे तो फिर क्या ?

**सड़क के नाम पर मिले झूठे आश्वासनः** कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया ग्राम कन्हेरा में मरघट शाला से अहिरवार कॉलोनी में सडक डालवाना जिसकी मांग को लेकर वह आये। क्योंकि मरघट शाला एवं अहिरवार कॉलोनी के बीच में जो रास्ता है वह काफी उबाड-खबड है। जिसमे बूढे बुर्जुग व बच्चो एवं आमजनो को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। वहीं सड़क न होने की बजह से स्कूल पहुंचने वाले बच्चे बारिश के दौरान स्कूल नहीं जा पाते है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने बताया कि आज पूर्व भी कई बार आवेदन दे चुके है। लेकिन ग्राम पंचायत व जिले के अधिकारीयो के द्वारा उन्हें झूठे आश्वासन दिये गये है। लेकिन इतनी सी सड़क नहीं डलवा पाए।



## पीएम आवास के लिए किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा नपा नेता प्रतिपक्ष रवि मोहने के साथ नगर के कई रहवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टे दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी तादाद में पहुंचे लोगों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की जानकारी लगने पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा।

तो वहीं शाढ़ौरा के रहवासियों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन देते हुए प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने की माग की। साथ ही इस योजना में आ रहीं दिक्कतो से अवगत कराया। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 के अंतर्गत सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को ध्यान में रखते हुए, जिले के सभी पात्र गरीब नागरिकों को आवास लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इस योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, दिव्यांगजन, विधवाएँ, एकल महिलाएं, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यक तथा अन्य वंचित वर्गों के जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## एक नजर में



### अखवाई घाट में भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित

**अशोकनगर।** पिछले दिनों अतिवृष्टि के कारण जिले के जल क्षेत्र वाले कई शहर,गांव प्रभावित हुए। उन्ही में से एक चंदेरी विधान सभा के अखाई घाट में बाढ़ से काफी नुकसान हुआ लोगों के घरों में पानी भर गया और खाने पीने सहित गृहस्ती का पूरा सामान बर्बाद हो गया। ऐसे में उन प्रभावितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ आगे हाथ बढ़ाया। मंगलवार को गांव पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को उनके द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। इस दौरान श्री तिवारी ने कहा कि आपदा में सहायता, मानवता की असली परीक्षा है। जब प्रकृति विकराल रूप लेती है और जीवन बिखरने लगता है, तब सेवा की सबसे सच्ची परीक्षा होती है। बाढ़, भूकंप, अग्निकांड या अन्य आपदाओं में जो व्यक्ति आगे बढ़कर सहायता करता है, वह न केवल राहत पहुंचाता है, बल्कि टूटे हुए दिलों में आशा का दीप जलाता है। आपदा में सहायता केवल राशन, कपड़े या दवाइयां देना नहीं है, यह मौन आंसूओं को सहारा देना, और निराश चेहरों पर उम्मीद लौटाना भी है। ऐसे क्षणों में किया गया छोटा योगदान भी किसी के लिए जीवन का सबसे बड़ा संबल बन सकता है। संकट में सेवा ही संजीवनी है। इसी कड़ी में चंदेरी विधानसभा के अखाईघाट में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव, प्रताप सिंह रघुवंशी फौजी, रामकुमार सिंह रघुवंशी, हरी सिंह रघुवंशी,जिला मंत्री सुनील रघुवंशी,शिव रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष रामेन्द्र रघुवंशी, उमेश रघुवंशी, चंद्रेश रघुवंशी सहित प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### भाजपा की जिला बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक मंगलवार को रघुवंशी धर्मशाला में रखी गई। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि अब हमारी जिम्मेदारी बड़ी है, हमें आने वाली पीढ़ी, नौजवानों के लिए इन सब पूर्व परिस्थिति से परिचित कराने का काम करना है। अभी हमारी आजादी अधूरी है,15 अगस्त 1947 को मां भारती के तीन टुकड़े किए गए, भारत-पाकिस्तान पूर्वी पाकिस्तान, यह हमें नौजवान पीढ़ी को बताना है, कि कितने लोगों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा खुद को राष्ट्र के साथ जोड़ने की यात्रा है। और इस बार हम मंडल स्तर पर बढ़िया भव्य कार्यक्रम करेंगे। बैठक को संगठन प्रभारी दीपक भदोरिया, जिला महामंत्री रविंद्र लोधी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री नंदलाल यादव ने किया एवं आभार व्यक्त नरेश ग्वाल ने किया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, गजराम सिंह यादव, लड्डू राम कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु रघुवंशी, जयकुमार सिंघई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सिरनाम सिंह यादव, जिला महामंत्री रविंद्र लोधी आने वाले कार्यक्रमों की टोली के सदस्य नरेश कुमार मंचासीन रहे।

### आंगनवाडी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्र सेना भिड़े द्वारा संजीदा बानों आंगनबाडी केन्द्र सेहराई क्रमांक-4, सेक्टर सेहराई को आंगनवाडी केन्द्र पर पाई जाने वाली अनियमितता के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर पर्यवेक्षक ने 16 जून को निरीक्षण किया था, जहां वह अनुपस्थित पाई गई। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास के निरीक्षण में भी अनुपस्थित पायी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा 5 अगस्त के निरीक्षण के दौरान भी अनुपस्थित पाई गई। जिससे उपरोक्त निरीक्षणों में आपकी अनुपस्थिति से स्पष्ट होता है कि आपको बार-बार निर्देश देने के पश्चात भी आपके कार्य में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होगा। ग्रामवासियों द्वारा यह भी बताया गया कि आप मुंगावली से आना जाना करती हो, जबकि आपकी नियुक्ति इसी शर्त पर हुई थी कि आप इसी गांव में निवास करते हुए अपना कार्य करेंगी । आपकी आंगनबाडी केंद्र पर हितग्राहियों का आधार फेस मेचिंग 20.79 त्न है जबकि बार बार निर्देश दिये गये हैं कि आधार फेस मॅचिंग 100त्न किया जाना है सर्वे अनुसार लाडली लक्ष्मी योजना में आपका लक्ष्य 04 बालिकायें हैं जबकि वर्ष के सात माह व्यतीत होने के पश्चात भी आपने मात्र एक बालिका का पंजीयन किया है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में

## नाली का घटिया निर्माण आया सामने, बारिश में बही नाली

### ठेकेदार ने शुरू किया मरम्मत का कार्य, गुणवत्ताहीन तरीके से किए निर्माण की खुली पोल

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** नगर में पिपरई रोड पर किया गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल उस समय खुल गई जब यह निर्माण कार्य पहली बारिश ही नहीं झेल पाई और धाराशाही हो गई। वहीं अब इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए है क्योंकि यह निर्माण कार्य करोड़ से ऊपर की लागत से किया गया था अब ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण की गुणवत्ता को छिपाने के लिए उसमें लीपा पोती की जा रही है और निर्माण को सुधारने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मगर सवाल यह खड़ा होता है कि जब यह निर्माण कार्य इतने जल्दी ही टूट गया है, तो वह भविष्य में कैसे टिकेगा इसका कोई जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं है। इस मामले में एसडीएम जांच कराने की बात कह रहे है इस



निर्माण कार्य को अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है जबसे यह निर्माण कार्य शुरू किया गया था तभी से इसके निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है, क्योंकि ठेकेदार द्वारा इसका निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन तरीके से किए गया है।

**जनता का पैसा पानी की तरह हो रहा बर्बादः**
नगर में अधिकांश निर्माण कार्य नागरिकों द्वारा जो टेक्स दिया जाता है उसी पैसे से कराया जाता है,ओर नगर परिषद द्वारा विकास के नाम पर निर्माण कार्य कराए जाते है मगर ऐसे घटिया निर्माण कार्य कराकर जनता के पैसे का दुरुयोग किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारों द्वारा इस निर्माण कार्य पर कार्यवाही की जाती है या नहीं क्योंकि आने वाले समय में यह नाली निर्माण केवल कागजों तक सीमित ना रह जाए।

*इनका कहना है।*
*इस निर्माण कार्य की जांच करा लेगें और जो भी सामने आएगा, उसे देखते हुए कार्यवाही की जाएगी।*
*मनीष धनगर,*
*एसडीएम मुंगावली।*

## जनसुनवाई में आए 543 आवेदन कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तंरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई कर संबंधित उपस्थित अधिकारियों को हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा 543 आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**दिव्यांग अभिषेक को मिली व्हील चेयर की स्वीकृतिः**
जनसुनवाई में रेखा बाई पत्नि फूल सिंह अहिरवार निवासी ग्राम बरखुआ तहसील मुंगावली के दिव्यांग पुत्र अभिषेक अहिरवार उम्र 19 वर्ष को आर्थिक सहायता तथा ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत आवेदन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिव्यांग अभिषेक अहिरवार को व्हीलचेयर दिये जाने के स्वीकृति प्रदान कर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश उपसंचालक सामाजिक न्यायि विभाग को दिये गए। साथ ही प्रतिमाह राशन दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। निराकरण से शेष रहे आवेदन संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने हेतु भेजे गए। जनसुनवाई में ग्राम बिल्हेरू निवासी राधाबाई द्वारा पट्टे की भूमि कंप्यूटर पर अमल कराए जाने आदि आवेदन आए।



### पार्क से हटाया गया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** सीएमओ विनोद उन्नीतान के निर्देशन में अतिक्रमण प्रभारी नारायण बालू की मौजूदगी में नगर पालिका के अमले द्वारा गौशाला स्थित वीरांगना अवंती बाई लोधी पार्क के आसपास से मंगलवार को अतिक्रमण हटाया गया और साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही पार्क में स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा तक पहुंचने में सीढ़ियां लगवाने के लिए नाप जोख की गई। इसके अलावा स्वच्छता सुंदरता के लिए अन्य कार्य भी नपा द्वारा कराए जा रहे हैं।

दरअसल आगामी 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती है, इसी के मद्देनजर पार्क में आवश्यक कार्य कराया जा रहा है। जिससे पार्क आकर्षक और सुंदर लगे। वैसे भी किसी भी महापुरुष के पार्क के आसपास साफ सफाई रहना चाहिए,किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए जिससे वहां स्वच्छता, सुन्दरता बनी रहे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा द्वारा नपाध्यक्ष, सीएमओ को उक्त कार्यों के लिए ज्ञापन दिया गया था।

## 14 आदिवासी परिवारों ने की पट्टे की मांग, सौंपा ज्ञापन

### बारिश से जीवन में आया संकट, रोजगार के साथ छिन गई छत, जीवन हुआ कठिन

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** नगर के वार्ड 10 में 14 आदिवासी परिवार पट्टे की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपे, शासकीय भूमि पर निवास और पीएम आवास का लाभ न मिलने से नाराज हैं। आजादी के अमृत महोत्सव ने के बाद भी नगर के 14 आदिवासी गों परिवारों को मुसीबतों का सामना जो करना पड़ रहा है। ये परिवार बस न स्टेंड के पास 70 वर्षों से अधिक मे समय से आदिवासी बस्ती में रह नी रहे हैं। लगभग 20 वर्ष पूर्व इस ये शासकीय भूमि पर बसे परिवारों को में गांव के अन्य स्थान में बसाने के लिए योजना बनाई गई थी। योजना के तहत 16 परिवारों ने आवास योजना का लाभ लेकर पट्टे प्राप्त किए थे और बाद में इनको पीएम आवास योजना का लाभ भी मिला। लेकिन 14



परिवारों को आज भी वह लाभ नहीं मिल पाया है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश में उनकी झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और कुछ परिवार खतरे के कारण सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए। सोमवार शाम को इन परिवारों की महिलाओं ने वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अतुल रघुवंशी के नेतृत्व में तहसीलदार एके गौतम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें पट्टे की तत्काल मांग की गई। सीएमओ शमशाद पठान का कहना है कि यदि इन आदिवासी परिवारों को पट्टा मिल जाता है, तो नगर परिषद उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने में सक्षम होगी। तहसीलदार एके गौतम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुए हैं और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर आगे की कार्यवाही को जाएगी।




### मुस्कान को कलेक्टर ने तिरंगा झंडा भेंट कर किया रवाना

**अशोकनगर।** जिले की साइकिलिस्ट, पर्वतारोही कुमारी मुस्कान रघुवंशी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रश (5,642 मीटर) पर तिरंगा झंडा फहरायेगी। मंगलवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने मुस्कान को तिरंगा झंडा भेंटकर माउंट एलब्रश के लिये रवाना किया। साथ ही मुस्कान रघुवंशी की इस यात्रा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उल्लेखनीय है कि मुस्कान रघुवंशी ने इससे पहले साईकिल से परिक्रमा की थी, और उसके बाद सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराया था।

**पर्यावरण संरक्षण**

## दीपक पालीवाल ने पांच सैकड़ा पौधों को किया भेंट

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निर्भया वेलफेयर सोसायटी ने किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर के दीपक पालीवाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निर्भया वेलफेयर सोसाइटी को 500 पौधों का भेंट किया। इस अवसर पर सोसाइटी द्वारा पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और प्रकृति के प्रति समाज को जागरूक करना है। दीपक पालीवाल ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम के तहत ओर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए यह सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए जिससे क्षेत्र और प्रदेश में हरियाली हो। इस दौरान दीपक पालीवाल द्वारा जामुन, आम,



जामफल, सहित फलदार ओर छायादार पेड़ दिए है।

उल्लेखनीय रहे है कि इनके द्वारा पिछले साल भी तहसीलदार मुंगावली को 1100 पौधे भेट किए गए थे इस दौरान पीएल राय,अरविंद सिंघाई, रमेश सोनी, केएल कुशवाह एडवोकेट,अरुण जैन, योग मित्र मंडल के आदि सदस्य मौजूद रहे वही कार्यक्रम में सोसाइटी की अध्यक्ष अंजली जैन, सचिव अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल ओझा, सदस्य मुस्कान कुशवाह एवं भूरी दांगी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर यह संदेश दिया कि पेड़-पौधे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



### मॉडल स्कूल में किया गया पौधारोपण

**चंदेरी।** नगर के जाने-माने माडल स्कूल चंदेरी में मंगलवार को एसएमडीसी के सदस्यों व बाल केबिनेट सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान छायादार और फलदार कुल 75 पौधे लगाए गए। वहीं उपस्थित वरिष्ठजनों ने बताया कि प्रकृति संरक्षण के लिए पेड़ों का होना बहुत ही आवश्यक है, साथ ही बताया कि बेटा-बेटी के जन्म के ऊपर प्रत्येक व्यक्ति से अपील की है कि एक पेड़ उनके नाम पर लगाया जाए और उनका संरक्षण किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक जगत नारायण श्रीवास्तव, शंकर सहाय गोस्वामी, मनोज गंगेले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 05/08/2025

**// विज्ञप्ति//**

आवेदक शिवराज अहिरवार पुत्र हरसिंह अहिरवार निवासी ग्राम खैरा तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता हरसिंह अहिरवार की मृत्यु दिनांक 06/09/2008 को ग्राम खैरा में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत : प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/08/2025 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**दिलीप दरोगा**
**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मप्र**